

इंग्लैंड टीम पर भी सवाल उठाए

इंग्लैंड के लिए 115 टेस्ट खेल चुके एथर्टन ने कहा, मैं आमतौर पर कप्तान के रूप में उनकी भूमिका के बारे में सोचता हूं, मुझे उन्हें फिर से मौका दिए जाने से कोई समस्या नहीं है, क्या वह इसके लिए सबसे अच्छे व्यक्ति हैं या फिर वह सिर्फ एक विकल्प हैं।' एडिलेड में स्पिन के अनुकूल परिस्थितियों में बाएं हाथ के स्पिनर जैक लीच को प्लेइंग इलेवन से बाहर करने से एथर्टन ने इंग्लैंड टीम पर भी सवाल उठाए हैं। गाबा में लीच ने 13 ओवर में 102 रन दिए थे और मार्नस लाबुशेन का विकेट लिया था।

## स्टीव स्मिथ की कप्तानी की खिलाफ माइकल अथर्टन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** एडिलेड। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथर्टन ने एडिलेड ओवल में दूसरे एशेज टेस्ट से पहले स्टीव स्मिथ के कप्तान बनने और इंग्लैंड के जैक लीच को मौका न देने पर सवाल उठाए हैं। स्मिथ ने 2015 में माइकल क्लार्क के बाद ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान के रूप में पदभार संभाला और 2018 तक इस भूमिका में रहे। इसके बाद उन्हें दक्षिण अफ्रीका में एक विवाद के बाद कप्तानी से हटा दिया गया था। कप्तानी से हटाए जाने के बाद, स्मिथ ने पैट कमिंस के उपकप्तान के रूप में वापसी की, जब टिम पेन ने एक विवाद के बाद कप्तानी का पद छोड़ दिया था। वहीं, कमिंस को गुरुवार को मैच शुरू होने से कुछ घंटे पहले एडिलेड टेस्ट से बाहर कर दिया गया, क्योंकि वह एक कोरोना पॉजिटिव के संपर्क में आ गए थे। एथर्टन ने सेन रेडियो के माध्यम से कहा, 'मुझे लगता है कि एक बार जब कप्तानी के रूप में आपको दंडित जा चुका है, तो दोबारा से कप्तान बनाया जाना मेरे समझ से परे है। हालांकि उन्हें माफ किया जा चुका है, लेकिन वह कप्तान के रूप में नहीं, बल्कि बल्लेबाज के रूप में खेल सकते हैं।

# साउथ अफ्रीका में होगी असली परीक्षा : गांगुली

क्रिकेट

## सौरभ गांगुली ने कही अय्यर की तारीफ, बोले यह बड़ी उपलब्धि

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। श्रेयस अय्यर के टेस्ट करियर की शुरुआत शानदार रही है। उन्होंने अपने पहली ही टेस्ट पारी में सेंचुरी लगाई। भारत और न्यूजीलैंड के बीच कानपुर में खेले गए मैच में अय्यर ने शतक लगाया। मैच की दूसरी पारी में दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने हाफ सेंचुरी जड़ी। अय्यर की इस पारी की कई लोगों ने तारीफ की। मध्यक्रम के इस बल्लेबाज की उपयोगी पारी ने भारत को एक वक्त पर मुश्किल से भी निकाला। अय्यर की तारीफ करने वालों में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष सौरभ गांगुली भी शामिल हैं। हालांकि गांगुली मानते हैं कि अय्यर की असली परीक्षा साउथ अफ्रीका दौरे पर होगी।

अय्यर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के पहले मैच में 105 और 65 रन की पारियां खेलीं। इन पारियों के दम पर उन्होंने साउथ



अफ्रीका जाने वाली टीम में जगह बनाई। गांगुली ने मशहूर खेल पत्रकार बोरिया मजूमदार के शो बैकस्टेज विद बोरियाश में कहा, मुझे लगता है कि फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनका बल्लेबाजी औसत काफी समय से 50 के ऊपर है। मैंने उनका प्रथम श्रेणी औसत देखा जो बीते 10 साल से करीब 52 का है। इस औसत के साथ आप सामान्य बल्लेबाज नहीं हो सकते। कभी न कभी आपको अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलना ही चाहिए। गांगुली ने आगे कहा, अपने पहले ही टेस्ट में उन्होंने जिस तरह का प्रदर्शन किया उसे देखकर मैं काफी खुश हूं। लेकिन उनकी असली परीक्षा तब होगी जब वह साउथ अफ्रीका जाएंगे। जब आप साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड जाते हैं, वहां रफ्तार और उछाल होती है, उम्मीद है कि वह उन परिस्थितियों में खड़े होंगे और अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**पहले ही टेस्ट में कमाल का प्रदर्शन**

सौरभ गांगुली ने पहले ही टेस्ट में सेंचुरी लगाने पर श्रेयस अय्यर की खूब तारीफ की। उन्होंने कहा कि इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि उन्होंने यह उपलब्धि कहां हासिल की लेकिन यह कमाल की बात है।

गांगुली ने भी अपने पहले ही टेस्ट में सेंचुरी लगाई थी। उन्होंने अय्यर की उपलब्धि को अपने निजी अनुभव के साथ जोड़ा। गांगुली ने कहा, उन्होंने अपने करियर की शुरुआत अच्छी की है। उन्होंने डेब्यू पर ही सेंचुरी लगाई है। यह एक कमाल की उपलब्धि है। चाहे आपने कहीं भी खेला हो। मैं उम्मीद करता हूं कि इस पारी के बाद वह बहुत आगे जाएं क्योंकि इसके बाद वह बेहतर खिलाड़ी बनाएंगे। और मैं यह अपने निजी अनुभव के आधार पर कह सकता हूं।

## रोहित शर्मा की कप्तानी पर विराट कोहली के बयान से खुश सुनील गावस्कर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। साउथ अफ्रीका दौरे पर जाने से पहले बुधवार को विराट कोहली ने प्रेस कांफ्रेंस में कई पहलूओं पर बात की जिसमें उन्होंने अपनी कप्तानी के साथ-साथ रोहित शर्मा की कप्तानी पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा था कि रोहित शर्मा के साथ उनका किसी भी तरह का कोई मनमुटाव नहीं है और दोनों के बीच काफी अच्छे संबंध हैं। कोहली ने रोहित शर्मा को एक बेहतरीन, सक्षम और तकनीकी रूप से बेहद मजबूत कप्तान करार दिया था और कहा था कि एक सीनियर खिलाड़ी के तौर पर वो हमेशा रोहित को पूरा समर्थन करेंगे। अब विराट कोहली के इस बयान की पूर्व ओपनर बल्लेबाज सुनील



गावस्कर ने जमकर तारीफ की।

सुनील गावस्कर ने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है कि टीम का कप्तान कौन है। जब आप भारत के लिए खेल रहे होते हैं तो आप टीम के प्रति समर्पित होते हैं। गावस्कर ने स्पोर्ट्स तक से बात करते हुए कहा कि विराट कोहली ने सही बात कही कि जब आप देश के लिए खेल रहे होते हैं तो आप कप्तान नहीं हैं तो उससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। आपका काम होता है कि आप प्रदर्शन करें और टीम को जीत दिलाकर गर्व महसूस करें। इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारत के लिए खेलने वाला हर खिलाड़ी अपनी पूरी जान लगाकर खेलता है। आपको बता दें कि कोहली से पूछा गया था कि आप रोहित शर्मा की कप्तानी में खेलेंगे इसे लेकर आप कैसा महसूस कर रहे हैं। इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा था कि अब भी मेरी जिम्मेदारी टीम को सही दिशा में लेकर जाने की होगी और कप्तान रहते हुए भी मैं कुछ ऐसा ही करता था। रोहित के कप्तान बनने के बाद भी मेरी मानसिकता यही रहेगी। कोहली ने कहा था कि रोहित शर्मा में काफी काबिलियत है और काफी सक्षम हैं। आइपीएल में बतौर कप्तान हम उन्हें देख चुके हैं और भारतीय टीम के लिए वो पहले भी कप्तानी कर चुके हैं।

## खफा प्रज्ञान ओझा, बोले- विवादों को तूल नहीं देना चाहिए था

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। भारत के पूर्व क्रिकेटर और इंडियन क्रिकेटर्स एसोसिएशन (आईसीए) के आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के सदस्य प्रज्ञान ओझा ने टेस्ट कप्तान विराट कोहली की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर प्रतिक्रिया देते हुए अप्रत्यक्ष रूप से कहा कि कोहली को एकदिवसीय कप्तान के रूप में हटाने और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए उपलब्धता के सवालों के जवाब में अपने शब्दों का सही चयन कर सकते थे।

ओझा ने अपने बयान में कहा, 'एक व्यक्ति सिर्फ अपनी अच्छाइयों को दिखाता और उसे पता है कि लोगों के सामने उसे क्या दिखाना है और क्या नहीं। उन्होंने अप्रत्यक्ष रूप से कहा कि कोहली को भी कुछ ऐसा ही नहीं कहना चाहिए था, जिससे विवादों को और तूल मिले।' रोहित शर्मा के वनडे कप्तान के रूप में उनकी जगह लेने के बाद पहली बार मीडिया को संबोधित करते हुए कोहली ने घटनाओं का जिक्र किया और एकदिवसीय कप्तान के रूप में हटाए जाने के बारे में कैसे पता चला इस पर भी प्रकाश डाला। साथ ही बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने जो कहा था, उस पर भी अपनी बातें कहीं।

## न्यूज डायरी



## टीम इंडिया साउथ अफ्रीका दौरे पर हुई रवाना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। विराट कोहली की कप्तानी वाल भारतीय टेस्ट टीम साउथ अफ्रीका दौरे के लिए रवाना हो गई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के ऑफिशियल इंस्टाग्राम पेज पर इस दौरान की तस्वीरें शेयर की गई हैं। हैरान करने वाली बात यह है कि कप्तान विराट कोहली तस्वीरों से नदारत हैं। शायद ही कभी ऐसा हुआ होगा कि भारतीय टीम दौरे पर जा रही हो और बोर्ड तस्वीरें करे और कप्तान ही फ्रेम में न हो। एक दिन पहले ही विराट कोहली की प्रेंस कॉन्फ्रेंस से एक नया विवाद खड़ा हो गया था, जिसे चीकू बनाम बोर्ड के अध्यक्ष सौरभ गांगुली माना जा रहा है। दरअसल, सौरभ गांगुली ने कहा था कि उन्होंने और सिलेक्शन कमिटी ने वनडे की कप्तानी से हटाए जाने को लेकर कोहली से बात की थी, जबकि विराट कोहली ने बताया कि सिलेक्शन को लेकर मीटिंग में उन्हें इस बात की जानकारी दी गई कि आप वनडे में कप्तानी नहीं करेंगे। अब इस बात पर बहस छिड़ गई है कि सच कौन बोल रहा है और झूट कौन?

## इंग्लैंड के कोच क्रिस सिल्वरवुड ने की भारत की तारीफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। पांच मैचों की टेस्ट में 2–1 से पिछड़ने के बाद इंग्लैंड के कोच क्रिस सिल्वरवुड ने टीम इंडिया की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि विराट कोहली की अगुवाई वाली टीम वापसी करना जानती है। चौथे टेस्ट के आखिरी दिन टीम इंडिया ने इंग्लैंड को 157 रनों से हरा दिया। इसके बाद ही इंग्लैंड के कोच ने यह बात कही है। पहली पारी में टीम इंडिया 191 रन पर आल आउट हो गई थी। इंग्लैंड की टीम ने 290 रन बनाकर 99 रनों की बढ़त हासिल की थी। इसके बाद दूसरी पारी में टीम इंडिया ने शानदार वापसी करते हुए 466 रन बनाए और मेजबान टीम को 368 रनों का टारगेट दिया। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार टीम इंडिया की तारीफ करते हुए सिल्वरवुड ने कहा कि 99 रन से पिछड़ने के बाद भी जीत दर्ज करके टीम ने बताया कि उन्हें पता है कि वापसी कैसे करनी है। उन्होंने कहा कि 200 के आसपास की बढ़त से उन्हें भारत पर दबाव बनाने में मदद मिलती।

## अहम दौरे से पहले किसी पर ऊंगली उठाना सही नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। विश्व कप विजेता भारत के पूर्व कप्तान कपिल देव का मानना है कि कप्तानी के मसले पर बीसीसीआई से मतभेद उजागर करता विराट कोहली का बयान गलत समय पर आया है जिससे दक्षिण अफ्रीका के अहम दौरे से पहले अनावश्यक विवाद पैदा हो गया।

दक्षिण अफ्रीका रवानगी से पहले मुंबई में प्रेस कांफ्रेंस में कोहली ने बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली के इस बयान को गलत बताया कि बोर्ड ने उनसे टी–20 टीम की कप्तानी नहीं छोड़ने के लिए कहा था। इस बयान से कोहली और बीसीसीआई के बीच तनाव जगजाहिर हो गया है। कपिल ने कहा, 'इस समय किसी पर ऊंगली उठाना सही नहीं है । दक्षिण अफ्रीका का दौरा सामने है और उस पर ध्यान देना चाहिए। मैं कहूंगा कि बोर्ड अध्यक्ष तो बोर्ड अध्यक्ष है हालांकि भारतीय टीम का कप्तान होना भी बड़ी बात है।

## क्या रवींद्र जडेजा लेने वाले हैं टेस्ट क्रिकेट से संन्यास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। गुरुवार की सुबह भारतीय क्रिकेट टीम साउथ अफ्रीका के दौरे पर रवाना हुई है। इस टीम का हिस्सा आलराउंडर रवींद्र जडेजा नहीं हैं, जो इस समय अपने करियर के पीक पर हैं। रवींद्र जडेजा को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में चोट लगी थी और वे दूसरे टेस्ट मैच नहीं खेल पाए थे। अभी तक सूत्रों के हवालों से खबरें थीं कि वे संन्यास ले सकते हैं, लेकिन जडेजा ने एक ट्वीट में लिखा है, झूठे दोस्त अफवाहों पर भरोसा करते हैं और सच्चे दोस्त आप में भरोसा करते हैं। इससे साफ हो गया है कि संन्यास की खबरें पूरी तरह से अफवाह हैं। एक और ट्वीट में ये बात पूरी तरह से पानी की तरह साफ हो गई है।